newsjankalyanseva@gmail.com

# जनकल्याण सेवा

साप्ताहिक

ठाणे | वर्ष - २२ | अंक - ५ | २० से २६ फरवरी २०२३ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024

संपादकीय



संपादक सीमा गुप्ता

## चालकों में बढती अ राजकता

सड़कों पर अलग-अलग वजहों से हादसे और इनमें नाहक ही लोगों की जान जाने की घटनाएं आम रही हैं। इस पर चिंता जताने से लेकर यातायात व्यवस्था में सुधार के उपाय किए जाते रहे हैं। लेकिन एक विचित्र प्रवृत्ति यह देखी जा रही है कि कोई व्यक्ति जानबूझ कर न केवल नियम-कायदों को धता बता कर वाहन चलाता है, बल्कि जांच या किसी अन्य वजह से रोके जाने पर आपराधिक तरीके से अराजक हो जाता है और किसी व्यक्ति या वाहन को जानलेवा तरीके से टक्कर मारने या काफी दूर तक घसीटने तक की हरकत कर बैठता है। गौरतलब है कि दिल्ली के शालीमार बाग इलाके में शनिवार को कार चलाते हुए एक युवक ने नियम के मुताबिक सीट बेल्ट नहीं लगा रखा था। जब एक यातायात पुलिसकर्मी ने उसे वाहन रोकने का संकेत किया तो उसने उसे टक्कर मार दी। यही नहीं, पुलिसकर्मी किसी तरह बचने के लिए कार की बोनट पर लटक गया तो युवक उसे अपनी कार से लगभग पांच सौ मीटर तक घसीटता चला गया। किसी तरह उस कार को रोका गया और पुलिसकर्मी का जान बच सकी। यह समझना मुश्किल है कि कोई आम आदमी भी ऐसी हरकतें क्यों कर बैठता है जो कानूनन गलत और अपराध हैं। दरअसल, इस घटना में कई ऐसे पहलू हैं, जो इसे किसी हादसे या अचानक प्रतिक्रिया से अलग करते हैं। कार या कोई निजी वाहन रखने के साथ उसे चलाने से संबंधित सभी नियम-कायदों की जानकारी रखना और उस पर अमल करना एक सहज सलीका होना चाहिए। यह न सिर्फ यातायात व्यवस्था को सामान्य बनाए रखने के लिए, बल्कि खुद वाहन में सवार सभी लोगों की सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। मसलन, कार में सीट बेल्ट पहनना इसलिए जरूरी है, ताकि दुर्घटना या अन्य स्थितियों में वाहन में मौजूद लोगों को होने वाले नुकसान की आशंका को कम किया जा सके। लेकिन हैरानी यह है कि दिल्ली की ताजा घटना में इस नियम को ताक पर रख कर वाहन चला रहे व्यक्ति ने इसके लिए रोकने वाले पुलिसकर्मी को जानलेवा तरीके से घसीटा। यह अपने आप में सड़क पर नियम-कायदों के मुताबिक वाहन चलाने के बजाय कुछ चालकों के भीतर बढ़ती अराजकता और आपराधिक प्रवृत्ति का संकेत है। विडंबना यह है कि ऐसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिसमें वाहन में बैठा कोई व्यक्ति इस बात की फिक्र करना जरूरी नहीं समझता कि उसकी ऐसी अराजकता से किसकी जान जा रही है। वाहन की जांच या नियमों के उल्लंघन पर रोकने की कोशिश करने वाले पुलिसकर्मियों को भी घसीटने के कई मामले सामने आ चुके हैं। इसके अलावा, कुछ समय पहले दिल्ली में एक युवती को करीब बारह किलोमीटर तक घसीटने से हुई मौत की बेहद अफसोसनाक घटना सामने आई थी।

## प्रेमी ने प्रेमीका का लूटा सामान

भाईंदर : लगभग दो महीने पहले संबंध समाप्त करने के बाद एक २४ वर्षीय व्यक्ति ने कथित तौर पर अपने २० वर्षीय पूर्व प्रेमिका का पीछा किया और उससे स्कूटी और आईफोन ही लूट कर वहां से फरार हो गया। महिला का मोहसिन खान के साथ लगभग सात वर्षों से आपसी संबंध था। महिला सात साल पहले एक कॉमन फ्रेंड के जरिये आपस में मिले थे। महिला के मुताबिक, खान अक्सर उसके साथ मारपीट करता था और छोटी-छोटी बातों पर बहस



करता था। अपने लिव-इन पार्टनर आफताब पूनावाला द्वारा श्रद्धा वालकर की हत्या के बाद महिला डर गयी और मोहसिन से रिश्ता खत्म कर दिया। शुक्रवार की सुबह, जब महिला अपने स्कूटर से काम पर जा रही थी, खान उसका पीछा करते हुए उसके पास आया और उसे अपने संपर्क में रहने के लिए मनाने की कोशिश की। जब उसने इनकार किया, तो खान ने उसका आईफोन और स्कूटर की चाबी छीन ली और मौके से फरार हो गया। घटना गोकुल विलेज के पास की है। दुर्व्यवहार को याद करते हुए, महिला ने कहा कि आरोपी अक्सर उससे मारपीट करता था और वह किसी अन्य पुरुष मित्रों से बात करती थी, तो वह पसंद नहीं करता था। मोबाइल ऐप के जरिये वह ट्रैक करता था की मैंने किसे कॉल किया था। मीरा रोड पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर शुक्रवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। मीरा रोड पुलिस ने धारा ३९२, ५०४ और ५०६ के तहत मामला दर्ज किया है और महिला की स्कूटी बरामद की है। आईफोन की तलाश जारी है। डीसीपी बजबले ने कहा, हमने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।घटना के बाद, महिला ने अपने पिता से संपर्क किया। मैं मीरा भायंदर वसई विरार (एमबीवीवी) पुलिस आयुक्त मधुकर पांडेय जी से संपर्क किया, उन्होंने पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) जयंत बजबले को मामले को देखने का निर्देश दिया, महिला के पिता ने कहा। महिला के पिता ने दावा किया कि उन्होंने खान से जनवरी में अपनी बेटी का पीछा नहीं करने को कहा था। मैं उससे, उसकी बहन और मां से मिला था और मोहसिन को चेतावनी भी दी थी कि अगर वह नहीं सुधरे तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उसकी स्कूटी और आईफोन ही लूटकर उसने सारी हदें पार कर दीं।

## मिरा भाईंदर के आयुक्त दिलीप ढोले को विभिन्न परियोजनाओं के लिए सत्कार किया

**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर:** माझी वसुंधरा अभियान के तहत मीरा भायंदर महानगरपालिका ने उक्त परियोजना के लिए आईजीबीसी प्रमाणपत्र प्राप्त करने की योजना बनाई थी। उसके तहत, परियोजना के डिजाइन में विभिन्न हरित उपायों को शामिल किया गया था। प्रदूषण को कम करना, पानी की बचत, ऊर्जा, बेहतर पर्यावरण प्रदान करना शामिल थे। झाड़ियों की देशी प्रजातियों के साथ ४३% क्षेत्र पर ५५ तेजी से बढ़ने वाले पेडों के साथ भूनिर्माण किया गया था। वॉशरूम/टॉयलेट में ड्यूल फ्लश, यूरिनल के लिए प्रेसमैटिक फ्लश, लो फ्लो हेल्थ फॉसेट और वॉश बेसिन टैप जैसे वाटर सेविंग डिवाइस लगाकर ३०.४९% पानी की बचत हासिल की गई। ताजी हवा की आपूर्ति के प्रावधान के साथ उच्च दक्षता वाले एयर कंडीशनिंग सिस्टम स्थापित करके सभागार और अन्य सुविधाओं में हवादार वातावरण के साथ पर्यावरण के अनुकूल उपायों को लागू किया गया। भवन की छत के निर्माण के लिए इन्सुलेट सामग्री



के उपयोग ने ४०% ऊर्जा बचत का लक्ष्य प्राप्त किया है और बिजली की खपत को कम करने के लिए कांच के उपयोग के माध्यम से भवन ने प्राकृतिक प्रकाश के उपयोग को अधिकतम किया है। साथ ही १००% एलईडी। लाइट्स का इस्तेमाल किया जाता है। संरचना को पूरे दिन पर्याप्त रोशनी प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसलिए ७६.६९% स्पष्ट आकाश डेलाइट स्तर प्राप्त किया जाता है। उक्त प्रोजेक्ट में निर्माण सामग्री के रूप में टाटा टिस्कॉन, स्टील बार, कुट्रीम सैंड, क्वालिटी पेट्स आदि का उपयोग किया जाता है। हरे उत्पादों का उपयोग किया जाता है। भवन में जगह-जगह कूड़ा निस्तारण के लिए सेग्रीगेशन डस्टबिन लगाए गए हैं। धूम्रपान निषेध नीति के अनुसार छात्रों और निवासियों को शिक्षित करने के लिए विभिन्न स्थानों पर धूम्रपान निषेध के संकेत लगाए गए हैं। उक्त परियोजना में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग की सुविधा प्रदान की गई है। आईजीबीसी ग्रीन सर्विसेज बिल्डिंग श्रेणी के तहत आईजीबीसी और ग्रीन सर्टिफिकेशन द्वारा परियोजना की समीक्षा की गई है। सदर साधना केंद्र भवन ६६१२ वर्ग मी. क्षेत्रफल प्लॉट पर बना हुआ है और निर्माण क्षेत्र १००० वर्ग मीटर है। मीटर जबकि परिदृश्य क्षेत्र २८३० वर्ग मीटर है। यह मीटर है। उक्त भवन में ग्राउंड प्लस वन फ्लोर है और ५०० लोगों के लिए बहुउद्देश्यीय हॉल, कॉन्फ्रेंस हॉल, वॉच हाउस, छोटा हॉल आदि है। उक्त भवन में सुविधाएं उपलब्ध हैं।म्युनिसिपल आर्किटेक्ट मुग्धा पाटकी, सिटी इंजीनियर दीपक खम्बित, कार्यपालन यंत्री नितिन मुक्ने, डिप्टी इंजीनियर यतिन जाधव को उनके विशेष प्रयासों के लिए आयुक्त एवं प्रशासक दिलीप ढोले ने उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त संभाजी पानीपटे, अतिरिक्त आयुक्त अनिकेत मनोरकर, उपायुक्त (मुख्यालय) मारुति गायकवाड, उपायुक्त (पार्क) संजय शिंदे, उपायुक्त (जन स्वास्थ्य) रवि पवार, उपायुक्त (शिक्षा) कल्पिता पिंपल, जनसंपर्क अधिकारी और सिस्टम मैनेजर राज घराट उपस्थित रहे ।आयुक्त ढोले ने कहा कि विकासकर्ताओं से भी अनुरोध है कि ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट से नवनिर्मित भवनों का निर्माण कर जैव विविधता संरक्षण की दृष्टि से इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी) को सहयोग करें।

## पुलिस स्टेशनों के जनता दरबार में लोगों का मिला भारी प्रतिसाद



**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर।** मीरा भायंदर वसई विरार के नवनियुक्त पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे ने कमान संभालते ही सभी पुलिस स्टेशनों में हर शनिवार को तकरार दिवस आयोजित करने का निर्देश दिया है। उनके इस निर्देश का अच्छा प्रतिसाद भी दिखाई दे रहा है। हमारे संवाददाता द्वारा शनिवार को नवघर पुलिस स्टेशन में आयोजित तकरार दिवस का निरीक्षण किया गया। सुबह से ही काफी लोग अपनी अपनी समस्याएं लेकर पुलिस स्टेशन पहुंच रहे थे। सबकी अलग-अलग समस्याएं थी। कुछ लोगों के सिविल मामले थे,तो कुछ लोगों की समस्याओं का पुलिस के समझाने बुझाने पर हल हो जा रहा था। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मिलिंद देसाई खुद लोगों की समस्याएं निपटाने के लिए बैठे हुए थे। उनकी बगल में बैठे पुलिस उप निरीक्षक भगवान पाटील लगातार उनके काम में सहयोग कर रहे थे। तकरार दिवस के बारे में पूछे जाने पर मिलिंद देसाई ने बताया कि पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार हर शनिवार को हम तकरार दिवस का आयोजन कर रहे हैं। प्रत्येक शनिवार को ३० से ४० लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंच रहे हैं। हम उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं। जिनके मामले दर्ज करने लायक हैं, उनके मामले दर्ज किए जा रहे हैं। जिनके सिविल मामले हैं ,उनको हम कोर्ट जाने की सलाह दे रहे हैं। बहुत सारे ऐसे मामले हैं जिनको हम समझा-बुझाकर सुलह कराने का भी प्रयास कर रहे हैं। कुल मिलाकर तकरार दिवस पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे का सराहनीय सफल प्रयोग है।

## भाईंदर में मोबाइल टावर के सामान चुरानेवाला पुलिस के हत्थे चढे

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर में वोडाफोन आईडिया के मोबाइल फोन टावर से सामान चोरी करने के आरोप में तीन लोगों को सेंट्रल क्राइम ब्रांच यूनिट, मीरा भायंदर वसई विरार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तीन में से दो लोग कंपनी में टेक्निशन का काम करते थे और तीसरा भंगार वाला है जो उनसे चोरी का माल खरीदता था। केंद्रीय क्राइम ब्रांच यूनिट के वरिष्ट निरीक्षक राहुल राख ने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों में अक्षय दत्ताराम शिंदे (२६) और फ़क़ीर त्रिनाथ जेना (३६) वोडाफोन आईडिया मोबाइल कंपनी में टेक्निशन है और जुगेश बिंदु गुप्ता (३३) चोरी का सामान खरीदने वाला एक स्क्रैप डीलर है, जो भायंदर पूर्व के हनुमान नगर में स्थित है। राहुल राख ने बताया कि, पिछले साल १८ अक्टूबर को भायंदर पुलिस को अनिल



शंकर साल्वी की तरफ से एक शिकायत मिली थी की भायंदर जंअुचनं पर लगे वोडाफोन आईडिया मोबाइल टावर से पुर्ज़ों की चोरी हुई है। उसके बाद कंप्लेन को क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर कर दिया गया था और सेंट्रल क्राइम ब्रांच इसकी जांच कर रही थी। गुरुवार को पुलिस को एक गुप्त सूचना मिली की हनुमान नगर में कुछ लोग मोबाइल टावर से रिलेटेड कुछ सामान बेचने आ रहे है। पुलिस ने जाल बिछाया और शिंदे और जेना को रोक कर पूछताछ की, तलाशी लेने पर उनके पास से कुछ सामान बरामद हुआ। गहरी पूछताछ पर उन्हें गुप्ता की दूकान के बारे में पता चला। पुलिस ने राइड कर गुप्ता के भंगार दूकान से १,१२,७५० रुपया मूल्य का चोरी का सामान जब्त कर लिया है। पुलिस ने चार चोरी के मामले सुलझाने का दावा किया है। जिसमे एक भायंदर, एक दहिसर और २ समता नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज था। तीन आरोपियों में एक नालासोपारा का तो दो आरोपी भायंदर के नवघर इलाके के रहने वाले हैं.

## शहर में आग ही आग, कोई हताहत नहीं

**मीरारोड** : मीरा भायंदर में अचानक आग लगने की घटना में तेज़ी आ गयी है। रोज़ शहर में आग लगने के खबर सामने आ रही है, विशेष तौर पर इंडस्ट्रियल एरिया से शनिवार को ही दो जगहों से भीषण आग के रिपोर्ट हुई। एक इंडस्ट्रियल एरिया में जबकि दूसरी घटना उत्तन के डंपिंग ग्राउंड से। उत्तन के में मीरा भायंदर महानगर पालिका के अंतर्गत कचरा डंपिंग ग्राउंड में भीषण आग लग गई। आग शनिवार शाम करीब ७:५५ बजे लगी। गनिमत ये रही की किसीके हताहत होने की कोई खबर नहीं है। आग इतनी भीषण थी कि दूर से ही लपटें साफ देखी जा सकती थी। भीषण आग के दृश्य इंटरनेट पर भी लोगों ने खूब शेयर किये हैं। कचरे में आग लगने से आसपास के इलाके में भारी मात्रा में धुआं फैल गया था। पिछले कुछ दिनों में तापमान में भारी बढोतरी हुई है। इससे आशंका जताई जा रही है कि सूखे कचरे के अंबार में आग लग गई होगी, और रात में भीषण रूप ले ली। आग लगने की घटना की सूचना मिलते ही मीरा भायंदर मनपा की दमकल की तीन गाडियां और एक पानी का टैंकर तुरंत रवाना कर दिया गया। लेकिन कचरे में अंदर से आग लगने के कारण देर रात तक उस पर काबू पाना संभव नहीं हो पाया रहा था। आग लगने से उत्तन और आसपास में काफी मात्रा में धुआं फैल गया



है। इसका खामियाजा नागरिकों को भुगतना पड.रहा है। चूंकि शहर में एकत्र किए गए मिश्रित कचरे को संसाधित नहीं किया जा सकता है, इसे खुले में संग्रहित किया जाता है। इस जमा हुए कचरे में जहरीली गैस पैदा होती है और कभी-कभार आग लगने की घटनाएं हो जाती हैं। आग से भारी मात्रा में धुआं उठने से स्थानीय लोगों को काफी परेशानी हो रही है. इसलिए कचरे के ढेर को लेकर स्थानीय लोगों में खासा रोष है। राज घरात ने बताया की, आग लगने की सूचना मिलते ही आयुक्त एवं प्रशासक दिलीप ढोले के निर्देशानुसार एवं उपाधीक्षक के मार्गदर्शन में आयुक्त (अग्नि) मारुति गायकवाड, दमकल के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे। दमकल की ८ गाडिय़ों, पानी के ६ टैंकरों, दमकल विभाग के ४७ कर्मियों की मशक्कत से कुछ ही घंटों में आग पर काबू पा लिया गया. आयुक्त एवं प्रशासक दिलीप ढोले ने अग्निशमन कर्मियों के उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए अग्निशमन विभाग के अधिकारियों, केन्द्रीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना की। उक्त मौके पर दमकल विभाग के अधिकारी प्रकाश बोराडे, दमकल अधिकारी दिलीप रनवारे, जगदीश पाटिल मौजूद थे। वहीँ दूसरी घटना में, मीरा रोड के पेनकरपाडा इलाके में स्थित एक औद्योगिक एस्टेट के परिसर में एक कंपनी में आग लगने से शॉर्ट सर्किट हो गया। सौभाग्य से कोई हताहत नहीं हुआ। आधारशिला परिसर सोसायटी पेनकरपाडा में ६४ भूखंडों के साथ एक चार मंजिला औद्योगिक संपत्ति है। चौथी मंजिल पर ब्लॉक नंबर ४०७ में विभिन्नलौह उत्पाद बनाने का कारखाना है। दोपहर बाद इस फैक्ट्री में आग लग गई। दमकल को सूचना मिलते ही उन्होंने आग पर काबू पा लिया। आग से कोई जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन कंपनी का सारा सामान जल गया। दमकल विभाग के प्रमुख प्रकाश बोराडे ने कहा कि आग वेल्डिंग के दौरान लगी।



शिवजयंती के उपलक्ष्य में मीरा भाईंदर महानगरपालिका के आयुक्त दिलीप ढोले ने छत्रपती शिवाजी महाराज को हार पहनाकर सन्मान देते हुए व कई गणमान्य हस्ती उपस्थित थे.

## संजू बाबा बंदूक वाले

अब एक ही चारा बचता है बंदूक उठाओ और निशाना साधो। बाकी टीम में चयन की तो मगजमारी बहुत है। जी हां, सबसे बदकिस्मत



खिलाड़ी संजू सैमसन ने बल्ला छोड़कर बंदूक उठा ली है। इतना ही नहीं, उन्होंने एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर शेयर की जिसमें वह निशाना लगाते दिख रहे हैं। केरल के बल्लेबाज संजू सैमसन ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की। वह इस तस्वीर में हाथ में बंदूक थामे खड़े हैं। सामने निशाना लगाने वाली पट्टी है और संजू ने उसी ओर बंदूक कर रखी है। उन्होंने वैंप लगाई है और हेडफोन भी लगा रखे हैं। उन्होंने इस फोटो के साथ वैंप्शन में लिखा– हाथों में हथियार और आप कितनी दूर तक निशाना लगाना चाहते हो। संजू सैमसन को अभी तक टेस्ट डेब्यू का मौका नहीं मिल पाया है। वे हिंदुस्थान और ऑस्ट्रेलिया के बीच जारी बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी सीरीज का भी हिस्सा नहीं हैं। सैमसन आखिरी बार टीम इंडिया की जर्सी में इसी साल जनवरी में नजर आए थे, तब उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ टी–२० सीरीज में हिस्सा लिया था। साल २०१५ में उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था।

## काले हाथ क्यों मिलाएं!

हाथ काले हैं तो वो भी एक बहुत ही गंदे कृत्य से इसलिए क्यों मिलाया जाए। ऐसा ही कुछ हुआ नेपाल के स्टार क्रिकेटर और पूर्व कप्तान संदीप लामिछाने के साथ, जिस पर नाबालिग से रेप के आरोप लगे थे। संदीप पर वैंरेबियाई प्रीमियर लीग २०२२ के दौरान एक नाबालिग लड़की से रेप के आरोप लगाए गए थे, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। जेल से निकलने के बाद नेपाल क्रिकेट बोर्ड ने भी उन पर से बैन हटा दिया है। लेकिन इन सब के बीच उनके साथ एक ऐसी घटना घटी है, जिसे देखकर हर कोई हैरान रह गया है। संदीप लामिछाने को नामीबिया और स्कॉटलैंड के खिलाफ खेली जा रही ट्राई सीरीज में नेपाल टीम के स्क्वॉड में शामिल किया गया है। स्कॉटलैंड के खिलाड़ियों ने नेपाल के खिलाफ कीर्तिपुर में तीन विकेट से हार के बाद संदीप लामिछाने से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया। स्कॉटलैंड ने ऐसा संदीप लामिछाने के खिलाफ विरोध करने के लिए किया। ऐसा माना जा रहा है कि लामिछाने को विरोध के बारे में पहले ही अवगत करा दिया गया था।

## पहली बार मिला मैच

खुशियां इसलिए भी हैं क्योंकि इंडियन प्रीमियर लीग २०२३ का मैच मिला है। आईपीएल सीजन ३१ मार्च से शुरू होने जा रहा है। आगामी सीजन के पूरे शेड्यूल का एलान हो चुका है। इस बार देशभर के १२ स्टेडियमों में कुल ७४ मैच खेले जाएंगे। आईपीएल की सबसे पहली चैंपियन राजस्थान रॉयल्स के इस बार दो होम ग्राउंड होंगे। राजस्थान रॉयल्स की टीम जयपुर के अलावा एक ऐसे शहर में खेलेगी, जहां अभी तक एक भी आईपीएल मैच नहीं खेला गया है। गुवाहाटी अप्रैल २०२३ में पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग मैचों की मेजबानी करेगा। बीसीसीआई भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने राजस्थान रॉयल्स के दो घरेलू मैचों की मेजबानी गुवाहाटी को सौंपी है। असम क्रिकेट संघ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रीतम महानता ने कहा कि राजस्थान रॉयल्स की टीम पहले मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी जबकि दूसरे मैच में उसका सामना दिल्ली वैंपिटल्स से होगा।

## वॉर्नर बाहर

यह दुखद है। मगर चोटिल हो जाने के बाद इसके अलावा कोई विकल्प भी नहीं। ऑस्ट्रेलिया के स्टार सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर चोटिल होने के कारण टीम इंडिया के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के बाकी बचे मैच में नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह अंतिम एकादश में मैथ्यू रेनशॉ को शामिल किया गया है। मैच के शुरुआती दिन शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया की पारी के १०वें ओवर में मोहम्मद सिराज की गेंद वॉर्नर के सिर पर लगी थी। बाएं हाथ के बल्लेबाज वॉर्नर को इससे पहले कोहनी पर भी चोट लगी थी। इस चोट के बाद चिकित्सकों ने मैदान पर उनका उपचार किया था। उन्होंने कनकशन जांच (सिर में चोट लगने पर होने वाली जांच) नहीं कराई। हिंदुस्थानी टीम जब बल्लेबाजी के लिए मैदान में उतरी तो यह ३६ वर्षीय खिलाड़ी क्षेत्ररक्षण के लिए नहीं आया। वॉर्नर के चोटिल होने से रेनशॉ की टीम में वापसी हुई।

## मंधाना पर धनवर्षा

हिंदुस्थान में पहली बार आयोजित होने वाली महिला आईपीएल का ऑक्शन मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में शुरू हो गया है। बीसीसीआई ने ऑक्शन के लिए ४४८ खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया है, जिसमें २७० भारतीय शामिल हैं। इस ऑक्शन में हिंदुस्थान की स्टार खिलाड़ी स्मृति मंधाना पर करोड़ों की बरसात हुई है। स्मृति मंधाना को आरसीबी ने करोड़ों रुपए खर्च कर अपनी टीम में शामिल किया है। स्मृति मंधाना को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम ने ३ करोड़ ४० लाख में अपनी टीम में शामिल किया है। बता दें कि महिला प्रीमियर लीग के लिए ऑक्शन का आयोजन मुंबई में हो रहा है।

# मुख्यमंत्री के निवासस्थान पर चाय पानी का खर्चा दो महिने में दो करोड

मुंबई : राज्य के मुख्यमंत्री मिंधे अपने वर्षा निवासस्थान पर आनेवाले मेहमानों पर मनमाने तरीके से खर्च करते हैं। अक्टूबर से दिसंबर तक मुख्यमंत्री बंगले पर सिर्फ चाय–पान के लिए २.३८ करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। आरटीआई में यह सनसनीखेज खुलासा हुआ है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सरकारी आवास वर्षा बंगले में मेहमानों और खास लोगों के खाने पर तीन महीने में यह रकम खर्च की गई है। आरटीआई कार्यकर्ता नितिन यादव ने यह जानकारी मांगी थी। यादव की आरटीआई के जवाब में एक जुलाई से ३१ अक्टूबर २०२२ तक मुख्यमंत्री के वर्षा आवास पर खान–पान पर हुए खर्च की पूरी जानकारी दी गई, जिसमें अक्टूबर से दिसंबर तक २.३८ करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। इस जानकारी के बाहर आते ही लोग कहने लगे कि सही में खर्च किया गया है या इसमें भी झोल है। आरटीआई में यह भी बताया गया है कि ९ अगस्त से १६ अगस्त, २०२२ के बीच सरकारी गेस्ट हाउस सह्याद्री



सभागार के किराए, नाश्ता, चाय और कॉफी पर ९१,५०० रुपए खर्च किए गए। साथ ही २२ जून से ३० सितंबर २०२२ तक मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित बैठकों और उनके दौरे के दौरान मंत्रालय के महत्वपूर्ण व्यक्तियों और अन्य अधिकारियों को मेहमाननवाजी के रूप में चाय, कॉफी और शीतल पेय पर लाखों रुपए खर्च किए गए। हालांकि, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मुख्यमंत्री बनने के बाद से अपने हवाई यात्रा खर्च, विदेश आवास खर्च, चाय पार्टी खर्च, विज्ञापन खर्च की जानकारी फिलहाल नहीं दी है। इस पर आरटीआई के माध्यम से जवाब मांगे गए हैं। बता दें कि मिंधे सरकार आने के बाद वर्षा बंगले पर उनके समर्थकों और ठेकेदारों का तांता लगा है। सब सेटिंगबाज वर्षा पर डटे रहते हैं। यह आरोप कई बार राजनीतिक दलों की ओर से लगाया जा चुका है। इतनी बड़ी संख्या में चाय–पानी पर खर्च होना मतलब आम जनता के पैसों की बर्बादी ही होना बताई जा रही है।

# यातायात विभाग की टोईंग गाडियों से जनता परेशान

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर। मीरा भायंदर में इस समय सबसे अधिक मुसीबत में कोई है तो वह दो पहिया वाहन चालक हैं। पलक झपकते ही ट्रैफिक पुलिस द्वारा उनकी गाडी को टोइंग वैन पर लाद दी जाती है। सबसे बडी विडंबना तो तब होती है जब अस्पताल में मरीज को देखने गया व्यक्ति वापस आकर अपनी गाडी को गायब पाता है। स्कूल में बच्चे को लेने गया गार्जियन वापस आने पर अपनी गाडी को गायब पाता है। बिजली बिल, प्रॉपर्टी टैक्स आदि भरने गया व्यक्ति वापस आता है तो उसकी गाडी को ट्रैफिक विभाग उठा चुकी होती है। बैंक में पैसा निकालने गया व्यक्ति वापस आने पर



अपनी गाडी को गायब देख परेशान हो जाता है। इसी तरह के अनेक उदाहरण है। मीरा भायंदर में प्राइवेट टोइंग वैन वालों की भी चांदी कट रही है। एक हवलदार के पीछे ४ प्राइवेट कर्मचारी लगे हुए हैं। गाडी खडी होती चारों आसपास सक्रिय हो जाते हैं। दुकान में कोई सामान खरीद रहा व्यक्ति जब तक मुड़कर पीछे देखता है, तब तक इसकी गाडी वैन पर लद चुकी होती है। मीरा भायंदर में अत्यावश्यक स्थानों पर भी पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में दो पहिया वाहन चालक करे भी तो क्या करें? कोई उनकी सुनने वाला नहीं है। मीरा भायंदर ,भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष एड रवि व्यास ने अलबत्ता पिछले दिनों आयुक्त को पत्र लिखकर उनका ध्यान इस गंभीर समस्या की तरफ उठाते हुए, आग्रह किया था कि स्कूल, कॉलेज ,बैंक, अस्पताल, बिजली बिल भरने के केंद्र, प्रॉपर्टी टैक्स भरने के केंद्र जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर या तो पार्किंग की व्यवस्था की जाए अथवा वहां खडे.दोपहिया वाहनों को ना उठाया जाए। अभी तक इस पत्र पर न तो कोई आदेश हुआ है और ना ही दो पहिया वाहन चालकों की मुसीबतें कम हुई हैं। ट्रैफिक विभाग द्वारा टोइंग गाडि़यों की संख्या इतनी बढा दी गई है कि हर १० मिनट बाद आपको दूसरी गाडी नजर आएगी। ऐसे में दो पहिया वाहन चालकों का जीना दूभर हो गया है। नए आयुक्त मधुकर पांडे पर लोगों को आशाएं लगी हैं। शायद वे इस गंभीर समस्या की तरफ जरूर ध्यान देंगे।

# शहर में बम विस्फोट की धमकी से मची अफरा तफरी, पुलिस हुआ चौकन्ना



**जेकेएस संवाददाता**


भाईंदर : मुंबई पुलिस के ज्वाइंट कमिश्नर (ट्रैफिक) प्रवीण पडवलकर को रविवार और सोमवार की दरमियानी रात को २ बजे मीरा भायंदर में संभावित बम विस्फोट की धमकी का फोन आया। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, कॉल करने वाले ने खुद को यशवंत माने के रूप में पहचान करवाई। जब अधिकारी ने उससे और पूछताछ करने की कोशिश की तो उसने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए फोन काट दिया। उसके बाद आईपीएस पडवलकर ने कंट्रोल रूम को फ़ोन कर इस बाबत जानकारी दी। जिसके बाद मुंबई पुलिस ने मीरा भायंदर पुलिस को सूचित किया। मामले को गंभीरता से लेते हुए, मुंबई पुलिस और मीरा भायंदर वसई विरार पुलिस दोनों मामले की जॉइंट जांच कर रही हैं। फ़ोन करने वाला शुद्ध हिन्दी का प्रयोग कर रहा था, इससे ये माना जा रहा है की जो नाम उसने अपना बताया है वह भी फेक है। यहां तक कि फोन करने वाले का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है, पुलिस ने मीरा भायंदर शहर में शॉपिंग मॉल, मल्टीप्लेक्स, बाजार, कार्यालयों, धार्मिक जगहों सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर गश्त तेज कर दी है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस की छानबीन जारी है। पुलिस ने इस बाबत कोई और जानकारी शेयर करने से इंकार किया है। इसी तरह की एक घटना में, एक कॉलर ने सोमवार को गूगल के पुणे कार्यालय में बम होने के बारे में सर्च इंजन गूगल के बीकेसी कार्यालय को धमकी दी। फोन करने वाले ने कहा कि उसका नाम पनायम शिवानंद है और वह हैदराबाद का रहने वाला है। पुलिस ने कहा कि जिस व्यक्ति ने नशे की हालत में फोन किया था, उसका पता हैदराबाद में चल गया है और उसे वहीं से पकड़ लिया गया। पुलिस उपायुक्त (जोन ५) विक्रांत देशमुख ने कहा, पुणे के मुंढवा इलाके में एक बहुमंजिला व्यावसायिक इमारत की ११वीं मंजिल पर स्थित कार्यालय को रविवार देर रात फोन आया कि कार्यालय परिसर में एक बम रखा हुआ है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुणे पुलिस और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचे और व्यापक तलाशी ली।

# घर बैठे मिलेगी रीडिंग, अतिरिक्त बिल की जानकारी :मार्च से बेस्ट का स्मार्ट मीटर!

मुंबई : बेस्ट बिजली उपभोक्ताओं को घर पर बिजली बिल की मीटर रीडिंग, अतिरिक्त बिल जैसी जानकारी देनेवाले स्मार्ट मीटर मार्च से उपलब्ध होंगे। इससे प्रशासन से होनेवाले विवादों से बचा जा सकेगा और घर बैठे सेवाएं मिलने से करीब ११ लाख ग्राहकों को काफी फायदा होगा। ग्राहकों को अधिक से अधिक सुविधा प्रदान करने के लिए २बेस्ट के विद्युत



विभाग द्वारा कई पहल की गई हैं। इसमें स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। इस नई तकनीक का उपयोग कर आवासीय, औद्योगिक और स्लम क्षेत्रों में उपभोक्ताओं के मीटर बदले जाएंगे। बेस्ट के पावर डिविजन ने अडानी के साथ करार किया है। इसके मुताबिक, अडानी कंपनी के जरिए तकनीक उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए मुंबई में कुछ जगहों पर कंट्रोल रूम भी बनाए जाएंगे। इन स्मार्ट मीटरों को एससीएडीए तकनीक का इस्तेमाल कर पेश किया जाएगा। अडानी इलेक्ट्रिक सिटी कंपनी को स्मार्ट मीटर हेतु दो साल के लिए १,३०० करोड़ रुपए का ठेका दिया गया है। बोर्ड के मुताबिक, सोसायटियों और प्रतिष्ठानों में स्मार्ट मीटर बदलने का काम किया जाएगा। इसके बाद इस तकनीक का इस्तेमाल स्लम एरिया में किया जाएगा।
























# छत्रपति शिवाजी महाराज बनेंगे अक्षय कुमार



इस साल बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल न दिखा पाने के कारण सुपरस्टार अक्षय कुमार के लिए ये साल कुछ खास नहीं रहा। इस बार अक्षय अपने पैँस की उम्मीदों पर बिल्कुल खरे नहीं उतर पाए। साल की शुरुआत में आई फिल्म बच्चन पांडे से लेकर राम सेतु तक उनकी सारी फिल्में फैंस के दिलों में घर बनाने में नाकामयाब साबित हुईं। लगातार फिल्मों का ग्राफ निरंतर गिरने की वजह से खिलाड़ी अक्षय कुमार ने अब मराठी सिनेमा की ओर रुख किया है। फिलहाल, अक्षय कुमार के पैँस के लिए ये किसी खुशखबरी से कम नहीं है कि पृथ्वीराज का किरदार निभा चुके अक्षय कुमार निर्देशक महेश मांजरेकर के निर्देशन में बननेवाली फिल्म वेडात मराठे वीर दौड़ले सात में छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा बिग बॉस मराठी फेम जय दुधाने, विशाल और उत्कर्ष शिंदे भी अहम भूमिका में नजर आनेवाले हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो सात मराठा वीरों की कहानी पर बन रही फिल्म वेडात मराठे वीर दौड़ले सात साल २०२३ में दिवाली के मौके पर रिलीज हो सकती है। अगर ऐसा होता है तो अक्षय की इस मराठी डेब्यू फिल्म की टक्कर सलमान खान की फिल्म टाइगर-३ से हो सकती है।

# शिवाजी महाराज शब्द नहीं, मंत्र हैं -अमिताभ बच्चन



बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन भी अन्य सभी लोगों की तरह महाराष्ट्र के आराध्य दैवत छत्रपति शिवाजी महाराज का गुणगान करते नहीं थकते। छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए वे अकसर कहते हैं कि ३छत्रपति शिवाजी महाराज केवल शब्द नहीं, एक मंत्र हैं। कई शताब्दियां बीत जाने के बाद भी लोगों को हमेशा उनसे प्रेरणा मिलती रहेगी। वो संसार के सर्वोत्तम लड़वैया और आदर्श राजा थे। छत्रपति शिवाजी महाराज को शत-शत नमन।

# कोई कॉन्ट्रैक्ट साइन नहीं



बॉलीवुड के हॉट कपल कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा की शादी को एक हफ्ते बीत चुके हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर अब तक जश्न चालू है। कियारा और सिद्धार्थ की शादी की तस्वीरों ने हर किसी का दिल खुश कर दिया। इस बीच ये भी खबर आई कि शादी के बाद सिद्धार्थ और कियारा करण जौहर की तीन फिल्मों में साथ दिखेंगे। हालांकि, ये पूरा सच नहीं है। हाल ही में करण जौहर ने एक इंटरव्यू में साफ कर दिया कि इस तरह की सभी बातें बकवास हैं। करण जौहर से जब पूछा गया कि क्या कपल ने अगली तीन फिल्मों के लिए कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है? इस पर करण ने कहा कि बिल्कुल नहीं। सूत्रों के मुताबिक, कियारा और सिद्धार्थ, करण जौहर के बेहद करीब हैं, उन्हें किसी तरह का कॉन्ट्रैक्ट साइन करने की जरूरत नहीं है। सिद्धार्थ और कियारा को जब करण जौहर कोई फिल्म ऑफर करेंगे, वो इसका हिस्सा बन जाएंगे। फिलहाल कपल ने किसी तरह का कॉन्ट्रैक्ट साइन नहीं किया है। करण जौहर और धर्मा प्रोडक्शन के इस स्टेटमेंट से साफ हो गया कि सिद्धार्थ और कियारा को फिल्म में एक साथ देखने के लिए इंतजार करना होगा।

# अंगूठी चमकी रे चमकी!



टीवी जगत की मशहूर एक्टर जैस्मिन भसीन के लिए कल का दिन कुछ खास था। एक तस्वीर ने जैस्मिन भसीन के फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। उन्होंने अपनी कुछ ऐसी फोटोज शेयर की हैं, जिन्हें देखकर लोग कन्फ्यूज हो गए हैं कि कही जैस्मिन इंगेज तो नहीं हो गईं? जैस्मिन भसीन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वो अपनी हाथ की अंगूठी को दिखाती नजर आ रही हैं। उनकी रिंग फिंगर में चमचमाती हुई हीरे की अंगूठी नजर आ रही है। इस फोटो को पहली नजर में देखकर तो यही लग रहा है कि उन्होंने सगाई कर ली है। इस फोटो को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा, ३अब तक की बेस्ट चीज जो मेरे साथ हुई है। उनका यह कैप्शन देख लोगों ने अंदाजा लगाना शुरू कर दिया कि कहीं एक्ट्रेस की सगाई तो नहीं हो गई है। हालांकि, जैस्मिन इस अंगूठी का ब्रांड प्रमोशन कर रही थीं। जैस्मिन भसीन और अली गोनी ३खतरों के खिलाड़ी-९ में मिले थे। दोनों की दोस्ती भी इसी शो से शुरू हुई थी। शो में वह बेहद करीब आए थे। उन्होंने अपनी खास दोस्ती के लिए भी हेडलाइंस में अपनी जगह बनाई। उस वक्त लोगों को लगता था कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने कभी भी अपने रिश्ते पर मुहर नहीं लगाई। काफी समय तक न-न करते हुए आखिरकार जैस्मिन और अली गोनी के बीच का खास रिश्ता साफ हो गया।

# निषेध का अंगार और गद्दारों को सबक सिखाने का जज्बा

मुंबई : शिवसेना किसकी, ये तुम्हारे मालिक को नहीं, बल्कि महाराष्ट्र के मालिकों को तय करने का समय आ गया है, ऐसा जबरदस्त हमला करते हुए शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पक्षप्रमुख उद्धव ठाकरे ने कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मिंधे गुट पर तोप दागी। कभी-कभी लोग मोदी का मुखौटा पहनकर सभा में आते हैं, लेकिन अब मोदी को बालासाहेब का मुखौटा पहनकर महाराष्ट्र में आना पड़ता है। फिलहाल महाराष्ट्र की जनता मूर्ख नहीं। मुखौटा किसका और असली चेहरा किसका, ये जनता को पता है, ऐसे शब्दों में उद्धव ठाकरे ने मोदी और मिंधे पर तीव्र हमला किया। चुनाव आयोग द्वारा आए फैसले के बाद अगली रणनीति तय करने के लिए उद्धव ठाकरे ने मातोश्री निवास पर नेताओं और प्रमुख पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई। आयोग के फैसले की वजह से शिवसैनिकों में भारी नाराजगी है। राज्य भर में जगह-जगह विरोध में आंदोलन भी हुए। मातोश्री के बाहर भी हजारों शिवसैनिकों की भीड़ जमा हुई थी। हर एक की आंखों में जो



दिखाई दे रहा था, वह था निषेध का अंगार और गद्दारों को सबक सिखाने का जज्बा। बैठक से पहले उद्धव ठाकरे ने शिवसैनिकों का मार्गदर्शन किया। शिवसैनिकों की भीड़ इतनी बढ़ रही थी कि हर किसी को उद्धव ठाकरे का संवाद सुनना था। फिर एक कार बीचो-बीच लाई गई और उसका सनरूफ खोलकर उद्धव ठाकरे ने उस कार के टॉप से शिवसैनिकों से संवाद साधा। भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ऐसा लग रहा होगा कि उनका गुलाम बना सरकारी तंत्र हम पर छोड़कर हमें समाप्त किया जा सकता है। हालांकि, शिवसेना को समाप्त करना संभव नहीं है, उद्धव ठाकरे द्वारा ऐसी चेतावनी देते ही शिवसैनिकों ने एक साथ ताली बजाई और उद्धव ठाकरे आगे बढ़ो, हम तुम्हारे साथ हैं के नारों से कलानगर परिसर गूंज उठा। चुनाव आयोग द्वारा आए फैसले के बाद अगली रणनीति तय करने के लिए कल उद्धव ठाकरे ने मातोश्री निवास पर नेताओं और प्रमुख पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई। आयोग के फैसले की वजह से शिवसैनिकों में भारी नाराजगी है। कल राज्य भर में जगह-जगह विरोध में आंदोलन भी हुए। बैठक से पहले उद्धव ठाकरे ने शिवसैनिकों का मार्गदर्शन किया। शिवसैनिकों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए एक कार बीचो-बीच लाई गई और उसका सनरूफ खोलकर उद्धव ठाकरे ने उस कार के टॉप से शिवसैनिकों से संवाद साधते हुए कहा कि मैं जानबूझकर सड़क पर आपसे मिलने आया हूं। क्योंकि अगली लड़ाई सड़कों पर लड़नी है, ऐसा बोलते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि मैं कभी भी थका नहीं हूं और न थकूंगा। आप मेरी ताकत हो। मैं आपकी ताकत के बल पर खड़ा हूं और यह ताकत जब तक मेरे साथ खड़ी है, तब तक कितने भी चोर और चोर बाजारों के मालिक आ जाएं, फिर भी उन्हें चुनाव में गाड़कर उनके सीने पर शिवराय का ये भगवा ध्वज फहराएंगे। इतनी ताकत हमारी कलाई में है।

# कोंकण भवन में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती


नवी मुंबई, डीटी। १९:- छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती कोकण भवन में संभागायुक्त डॉ. महेन्द्र कल्याणकर की उपस्थिति में मनाया गया। आयुक्त ने पुष्पांजलि अर्पित कर छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र को नमन किया। इस अवसर पर उपायुक्त (राजस्व) मकरंद देशमुख, उपायुक्त (सामान्य प्रशासन) मनोज रानाडे, जिला जाति सत्यापन समिति अध्यक्ष श्रीमती वैधी रानाडे, जिला उप पंजीयक सहकारी समितियां प्रताप पाटिल



सहित कोंकण भवन के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत महाराष्ट्र राज्य गान के गायन से हुई। कोंकण मंडल आयुक्त डॉ. महेंद्र कल्याणकर ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी।

# नालासोपारा में ठगी के मामले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

वसई ; सस्ते रेट पर फ्लैट बेचने वाले और झांसा देकर ठगी करने वाले मुख्य आरोपी को क्राइम ब्रांच सेल ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की हैं। इस मामले में ५ ठगी मामलो का खुलासा हुआ है। यह जानकारी पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को दी है, मीरा भयंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय के नालासोपारा क्षेत्र में, ऑनलाइन बिक्री के लिए उपलब्ध फ्लैटों का बैंक से लिए हुआ फ्लैट और नागरिकों को ठगने का एक गिरोह गत वर्षो से सक्रिय था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने उक्त घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों को पकड़ने के निर्देश दिए। पुलिस ने बताया कि १३/०३/२०२१ मार्च से जून २०२१ के बीच तक हरेल पेंट्रिक सालवीन ६९ वर्षीय के शिकायतकर्ता पर राम सिंह देवरा, शुभम मिश्रा, सूरज दुबे, गौतम चौधरी और रूम मालिक पुलक दास की मिलीभगत करके रूम नं.७०८, क्रिस्टल प्लाझो, यशवंत गौरव, नालासोपारा पश्चिम स्थित डीएचएफएल बैंक से बकाया कर्ज होने के बावजूद इस कमरे पर कोई कर्ज नहीं है, उक्त कमरे को निबंधन के माध्यम से बेचने का झांसा देकर और चेक के माध्यम से कमरे के लिए शिकायतकर्ता से कुल १७,५०,००० रुपये चेक द्वारा ले लिया, और उसे रूम का ताबा नही दिया गया। इस मामले में शिकायतकर्ता ने नालासोपारा पुलिस स्टेशन में फ्लैट देने वालो एफआईआर दर्ज करवाई थी। इस मामले में क्राइम ब्रांच सेल ने गुप्त सूचना एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर मुख्य आरोपी रामसिंग जालमसिंग देवरा (२८) वर्षीय, को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की कडी जांच में ५ मामलो का खुलासा किया है। और उसने अपने अन्य साथियों के साथ आम नागरिकों की जासूसी करने की साजिश रची, जो सस्ते दर पर घर खरीदना चाहते थे और उनसे ५०,००,००० रुपये की धोखाधडी की। उक्त आरोपी को दिनांक २ फरवरी २०२३ को अपराध में गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी देवरा नालासोपारा पुलिस स्टेशन गुन्हा रज़ि. नं.५५८/२०२२ कलम ४२०,३४ अपराध गिरफ्तार व इस समय पुलिस हिरासत में है।



# जनता की सुविधाओं के लिए टिकट खिड़की का हुआ शुभारंभ



**जेकेएस संवाददाता**

मीरा रोड : मीरा रोड रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ होती है, वहीं उचित सुविधा के अभाव में यात्रियों को टिकट लेने के लिए रेलवे स्टेशन की सीढ़ियों पर बनी टिकट खिड़की तक जाना पड़ता था। विगत कई वर्षों से यात्रियों को इस समस्या का सामना करना पड़ रहा था। आखिरकार, अब इस समस्या से निजात मिल गई है। रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार पर टिकट खिड़कियां खुलने से यात्रियों को राहत मिली है। टिकट खिड़की बनाए जाने की मांग को लेकर शिवसेना सांसद राजन विचारे प्रयासरत थे। टिकट खिड़कियों के निर्माण के बाद विचारे ने इसका उद्घाटन और लोकार्पण किया। इस अवसर पर पश्चिम रेलवे के मुख्य प्रबंधक नीरज वर्मा, वरिष्ठ डीसीएम अशोक मिश्रा, मनपा के कार्यकारी अभियंता सतीश टंडेल, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के जिलाप्रमुख प्रभाकर म्हात्रे, उपजिलाप्रमुख लक्ष्मण जंगम, धनेश पाटील, प्रवक्ता शैलेश पांडे, पूर्व पार्षद स्नेहा पांडेय, सुप्रिया घोसालकर, शहर संगठक तेजस्वी पाटील, शहरप्रमुख जितेंद्र पाठक, सदानंद घोसालकर, उपशहरप्रमुख अस्तिक म्हात्रे, सबॅस्टीयन फर्नांडीस, उत्तर भारतीय राष्ट्रीय संगठक अशोक तिवारी आदि उपस्थित थे।

# जनता ने संपत्ती कर नहीं भरा तो होगा अपराधिक मामला दर्ज

**जेकेएस संवाददाता**

भाईंदर : प्रॉपर्टी टैक्स विभाग की समीक्षा बैठक में मीरा भायंदर महानगर पालिका आयुक्त एवं प्रशासक दिलीप ढोले ने संपत्ति कर की शत-प्रतिशत वसूली के लिए सख्ती दिखते हुए क्रिमिनल केस दर्ज करने के निर्देश जारी किये है। जानबूझकर ऐसे टैक्स चोरी करने वाले संपत्ति धारकों के खिलाफ नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा १३८ के तहत आपराधिक मामले दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। आयुक्त ने कहा कि मनपा की वित्तीय स्थिति सुचारू रखने और विकास कार्यों को गति देने में कोई बाधा ना आये। शहर में विकास कार्यों और नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं में प्रॉपर्टी कर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. यह देखा गया है कि मीरा भायंदर महानगर पालिका



क्षेत्र के कुछ नागरिक चेक के माध्यम से प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करते हैं और जानबूझकर उक्त चेक को बाउंस करा देते हैं। इसलिए जानबूझकर ऐसे टैक्स चोरी करने वाले संपत्ति धारकों के खिलाफ नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा १३८ के तहत आपराधिक मामले दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, आयुक्त दिलीप ढोले ने कहा। हालांकि, आयुक्त ने जिन नागरिकों के प्रॉपर्टी टैक्स भुगतान के चेक बाउंस हुए हैं, उनसे अपील की है कि अगले ३ दिनों में संपत्ति कर का भुगतान ऑनलाइन या काउंटर पर कॅश में भुगतान कर के प्रशासन का सहयोग करें. मोहलत के बाद भी अगर कोई ऐसा नहीं करता है तो आयुक्त ने ऐसे संपत्ति मालिकों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने के आदेश पारित किए हैं। बाद में जुर्माना सहित राशि भी वसूली की जाएगी। आयुक्त एवं प्रशासक दिलीप ढोले की ओर से मीरा भायंदर शहर के नागरिकों से अपील की जा रही है कि वे अपना प्रॉपर्टी टैक्स का समय पर एवं उचित भुगतान कर मनपा को सहयोग करें. नागरिकों को संपत्ति कर का ऑनलाइन भुगतान करने के लिए वेबसाइट पर जाना चाहिए या ॲप डाउनलोड करना चाहिए।

# विकास योजना को लेकर मुजफ्फर हुसैन हुए सक्रीय, कुछ मुद्दों पर उठाएं सवाल

**जेकेएस संवाददाता**

भाईंदर : पूर्व विधायक मुजफ्फर हुसैन ने कहा कि मीरा भायंदर शहर की विकास योजना का मसौदा तैयार करते हुए सरकार की समिति को भविष्य के बारे में सोचते हुए अगले २० वर्षों के विकास का खाका तैयार करना चाहिए। इसी मुद्दे को लेकर कुछ महत्वपूर्ण निर्देश उन्होंने गुरुवार को महाराष्ट्र सरकार की ओर से आपत्तियों और सुझावों पर मुख्यालय में सुनवाई के दौरान दिए. प्रशासन द्वारा मीरा भायंदर शहर की विकास योजना का प्रारूप जारी करने के बाद एमआरटीपी अधिनियम की धारा २६ के तहत नागरिकों से आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित किये गये थे, तदनुसार कांग्रेस पार्टी की ओर से मुजफ्फर हुसैन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की और सुनवाई के दौरान महत्वपूर्ण सुझाव दिये। जनसंख्या वृद्धि के ग्राफ को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा, सडक़ सहित एडवांस इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए नियोजन व मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रीप्लांनिंग और स्टडी बहुत जरुरी है। इससे पहले, १९९७ में, जब विकास योजना तैयार की जा रही थी, तब एक नगरपालिका क्षेत्र था, जनसंख्या सीमित थी। चूंकि २००२ में महानगर पालिका बनने के बाद यह पहला डेवलपमेंट प्लान है, इसलिए शहर के ओवरआल डेवलपमेंट के लिए हर चीज को प्राथमिकता दी



जानी चाहिए और हमें उसी के अनुसार योजना बनानी होगी, मुज़फ्फर हुसैन ने कहा। वर्तमान में मीरा भायंदर शहर को एक तेजी से विकसित होता शहर माना जाता है। भविष्य में ग्राम पंचायत, नगर परिषद के समय बनी इमारतों का रेडेवेलोप्मेन्ट करते वक़्त सडक़ निर्माण १२ मीटर या अधिक सडक़ हो ताकि प्लान के अनुसार गगनचुम्बी टावर (बन सके और कोई दिक्कत न हो। शहर में विभिन्न स्थानों पर आंतरिक सडक़ों की योजना बनाई जाए। उन्होंने मूर्धा में प्रस्तावित मेट्रो कारशेड को रद्द करके उसे गोराई में स्थानांतरित करने की मांग की। नियोजित रूट ९ मेट्रो रेल को उत्तन तक एक्सटेंड करने और मेट्रो २ए, मेट्रो ७ और मेट्रो १ की तरह रिंग रूट करके मुंबई से जोडऩे के लिए गोराई, बोरीवली तक ले जाने का सुझाव दिया। दहिसर टोल गेट के पास मेट्रो रेलवे स्टेशन का निर्माण लगभग पूरा होने वाला है, हालांकि उक्त स्टेशन सभी के लिए सुविधाजनक है, यहां की यातायात व्यवस्था एक प्रमुख मुद्दा बन गया है. इसलिए ट्रैफिक की भीड.को ध्यान में रखते हुए भविष्य में पार्किंग स्थल के निर्माण के लिए जगह आरक्षित की जानी चाहिए। भायंदर पूर्व, पश्चिम में मेट्रो रेलवे स्टेशनों के पास पर्याप्त पार्किंग स्थान आरक्षित करने का भी हमने सुझाव दिया है, मुज़फ्फर हुसैन ने कहा। उत्तन में प्रस्तावित बूचडख़ाने के आरक्षण को रद्द करने का भी सुझाव पूर्व विधायक ने दिया है। ट्रैफिक समस्याओं को ध्यान में रखते हुए मीरा भायंदर में कम से कम ३ हेलिपैड बनाने का प्रस्ताव दिया ताकि समय पर गंभीर मरीज़ों को एयरलिफ्ट किया जा सके. शहर में पार्किंग की समस्या एक गंभीर रूप लेती जा रही है, इसलिए शहर के विभिन्न स्थानों पर पार्किंग जोन बनाने के लिए जगह आरक्षित की जाए, ऐसा पूर्व डिप्टी मेयर हुसैन ने सुझाया। वर्ष १९९७ की अनुमोदित योजना के अनुसार पुलिस मुख्यालय एवं परेड ग्राउंड के लिए स्थान तथा उसी आरक्षित स्थान पर पुलिस थाना एवं पुलिस कालोनी के लिए स्पेस रिटेन किये जाये। पशुओं के लिए अस्पताल और मृत पशुओं को दफनाने के लिए जगह हो और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शहरी क्षेत्रों के बाहर कत्लखानों के लिए अलग से भूखंड आरक्षित किया जाए, ऐसा प्रस्ताव समिति के सामने कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष ने रखे है।

## अच्छी सेवाओं के लिए मनपा के कर्मचारीओं की हुई तरक्की



**भायंदर।** मीरा भायंदर महानगरपालिका में कार्यरत सात कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के चलते पदोन्नति दी गई है। महापालिका आयुक्त दिलीप ढोले ने उनके अच्छे कार्यों को देखते हुए उन्हें पदोन्नति देने के लिए उपायुक्त (मुख्यालय) मारुति गायकवाड को निर्देशित किया था। महापालिका मुख्यालय में पदोन्नति पाए हुए सभी कर्मचारियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। जगदीश पाटिल को अग्निशमन केंद्र अधिकारी के रूप में , अरविंद चालके को स्वच्छता अधिकारी, संजय भोये, विनोद सामंत, गजानन भोसले, हेमंत हम्बीर और शर्मिला गायकर को वरिष्ठ लिपिक बनाकर प्रमोशन दिया गया। महापालिका में हुए पदोन्नति सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक गीता जैन, आयुक्त तथा प्रशासक दिलीप ढोले और उपायुक्त मारुति गायकवाड उपस्थित रहे।

## गुणिजन और काले की जोडी के संरक्षण में प्रभाग ४ में धडल्ले से हो रहे अवैध निर्माण

**भायंदर** : भायंदर पूर्व प्रभाग समिति चार के अंतर्गत में बिना स्ट्रक्चर रिपोर्ट के रिपीरिंग परमिशन देना मनपा अधिनियम एक्ट नियमो का उलंघन करके रक्षक ही नियमो को तोड़ने वाले भक्षक बनकर ठेकेदारो के साथ मिलकर प्रभाग अधिकारी योगेश गुणीजन द्वारा ठेकेदार प्रवीण हांडे को इस रिपेयरिंग की जगह गाले को पूरा तोड़कर नव निर्माण की अनुमति का फ्री ऑफर देकर स्किम चालू की है। जिसका फायदा वही दूसरी और इस निर्माण के अपोजिट में दूसरा निर्माण करने वाले धोखेबाज ठेकेदार निहाल खान नामक व्यक्ति का भी बड़े गाले का नव निर्माण कार्य चालू है। उसका कहना है कि हमारे भी परवानगी प्रशासन द्वारा ली हैं जो एकदम झूठ बोलकर सब को मूर्ख बनाने का भरपूर प्रयास करके बोलता है कि जिसको देखना हो वो पालिका जाकर देख लो। प्रभाग चार में वर्षो से कुंडली मारकर बैठे इंजीनियर सुर्दशन काले और प्रभाग अधिकारी योगेश गुणीजन ने प्रशासन मुख्यालय को व्यापारिक स्थली बनाकर परवानगी के नाम पर अनाधिकृत बांधकाम की मंडी बनाकर रख दिया है। मनपा प्रशासक आयुक्त दिलीप ढोले सब देखकर क्यो कर रहे है अनदेखा .. ? मीरा भायंदर शहर बन रहा दुरुस्तगी परवानगी के नाम पर अनाधिकृत निर्माण की व्यापारिक मंडी. ? गुणिजन ने भ्रष्टाचार का एक नया फॉर्मूला बनाया है। रिपेयरिंग परमिशन पर गाले की ऊंचाई नही दर्ज कर ठेकेदारों को अवैध रूप से गाले की ऊंचाई बढ़ाने की छूट दी जाती है। इसके लिए गाला मालिकों और ठेकेदारों से मोटी रकम वसूल की जाती है।

# धोखाधडी के मामले को लेकर म्हात्रे ने करवाया अग्रवाल के खिलाफ अपराधिक मामला दर्ज

**जेकेएस संवाददाता**

भाईंदर : व्यवसायी श्याम सुंदर अग्रवाल , उसके भाई, दो भतीजे व एक अन्य के खिलाफ वैजनाथ म्हात्रे ने जालसाज़ी और धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है. अग्रवाल वो ही शख्स हैं जिन्होंने मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह की शिकायत अधिकारियों से की थी। ऑटोरिक्शा चालक म्हात्रे का आरोप एक अन्य आरोपी सुभाष जोशी को दी गई पावर ऑफ अटॉर्नी के इर्द-गिर्द घूमता है। यह मुख्तारनामा कथित रूप से जाली था। आरोपी ने कथित तौर पर म्हात्रे को अपनी संपत्ति



उन्हें हस्तांतरित करने के लिए मजबूर किया। २५ प्रतिशत ज़मीन दूसरे द्वारा बेचने पर १०० प्रतिशत जमीन पर ७/१२ लिखाने का भी आरोप भूमिपुत्र और मूलत: बलिराजा (किसान) रहे म्हात्रे ने लगाया है। ६८ वर्षीय म्हात्रे ने अपनी शिकायत में कहा है की उसके भाई यशवंत म्हात्रे की मृत्यु सन २०११ में ही हो गयी थी, लेकिन २०१३ के एक कॉन्सेंट डॉक्यूमेंट पर उसके सिग्नेचर दिखाया गया है। इसी तरह २२ वारिसों में से ११ की झूठी सिग्नेचर और ११ वारिसों को बिना बताये कोर्ट को गुमराह करते हुए कॉन्सेंट पेपर्स जमा किया गया है। इसी तरह सुभाष जोशी और अग्रवाल लोगों ने मिलकर हमारी सारी जमीन हड़प पर ली और जान से मारने की धमकी कई बार दे चुके हैं। श्याम सुंदर अग्रवाल , उसके भाई मुरलीधर अग्रवाल, भतीजे शरद अग्रवाल, शुभम अग्रवाल और सुभाष रामरतन जोशी को आरोपी बनाया गया है। अग्रवाल और चारो अन्य के खिलाफ भारतीय दंड सहिंता की धारा ४२०, ४६५, ४६७, ४६८, ४७१, ३४, ५०६ और १२०-बी के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है। अग्रवाल के ही आरोप के बाद परमबीर सिंह के ऊपर मुसीबत बढ़ी थी। अग्रवाल द्वारा सिंह के खिलाफ दर्ज शिकायत में आरोप लगाया गया था कि पुलिस निरीक्षक नंदकुमार गोपले और सहायक पुलिस निरीक्षक आशा कोर्के ने कथित तौर पर दबाव डाला, धमकी दी और उनसे पैसे वसूले।

# गोद लेने के नाम पर जबरन वसुली करनेवाला आरोपी पहुंचा हवालात में

**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर।** नवघर पुलिस स्टेशन की क्राइम ब्रांच पुलिस ने नवजात बालिका शिशु को दत्तक देने के नाम पर हफ्ताखोरी करने वाले एक महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम यश रोहित कुमार सोनी तथा अल्पेश कुमार गिरीश भाई कच्छीया है। पुलिस द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार १० फरवरी को हटकेस में रहने वाले मनीष रामदेव शंकर नए नवघर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई कि उन्होंने अपने एक मित्र चिराग मेहता के माध्यम से अल्पेश कच्छीया एक नवजात बालिका शिशु गोद लिया था। मनीष और उनकी पत्नी को दो लड़के हैं। लड़की ना होने के



कारण उन्होंने नवजात बालिका शिशु को गोद लिया था। अल्पेश ने बताया था कि उनकी पत्नी यह लड़की जन्म देने के बाद भाग गई। अल्पेश ने तत्काल २० हजार रुपए डिलीवरी खर्च के नाम पर ले लिए। बाद में वह बालिका को यह कहकर वापस ले गया कि दत्तक के लिए आवश्यक कागजात पूर्ण करने हैं। ५ जनवरी को यश सोनी नाम के एक व्यक्ति ने मनीष को फोन किया कि कागज पत्र पूरे हो चुके हैं ।उन्हें ढाई लाख पर देना होगा। मनीष ने उन्हे ढाई लाख रुपए दे दिए। ढाई लाख लेने के बाद भी आरोपियों ने लगातार और राशि देने के लिए फोन पर धमकाने लगे। इसी बीच मनीष को शांति हो गया कि दत्तक ली हुई बालिका, अल्पेश की नहीं है। उनकी शिकायत पर पुलिस ने तेज जांच करते हुए आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस को यह पता चला कि बालिका अल्पेश की पत्नी का ना होकर उसके साथ काम करने वाली एक महिला का है। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। नवघर पुलिस को यह कामयाबी पुलिस उपायुक्त जयंत बजबले तथा सहायक पुलिस आयुक्त डॉ शशिकांत भोसले के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मिलिंद देसाई के निर्देशन में पुलिस निरीक्षक सुशील कुमार शिंदे, पुलिस निरीक्षक प्रकाश मासाल, सहायक पुलिस निरीक्षक योगेश काले, गणेश केकाण, पुलिस उप निरीक्षक अभिजीत लांडे, महिला पुलिस उप निरीक्षक सारिका वाघचौरे, पुलिस हवलदार भूषण पाटील, नवनाथ घुगे, सुरेश चव्हाण, हवलदार चेतन राजपूत, सूरज घुनावत, ओमकार यादव तथा अन्य पुलिसकर्मियों की टीम को मिली।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक सीमा गुप्ता के लिए (प्रिंटींग) सागर प्रिंट एंड प्रोसेस, प्रगती इंडस्ट्रीयल, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - ४०००११ से मुद्रित १०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७ (महाराष्ट्र) से प्रकाशित संपादक - सीमा गुप्ता, उप संपादक मोहम्मद अहमद निसार अहमद, सलाहकार : सुधाकर डी., पी.आर.बी अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चन के लिए उत्तरदायी है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र केवल जिला थाना रहेगा।
RNI NO. MAHHIN/2004/17839 Mob.No.9004895944 Email :newsjankalyanseva@gmail.com wwwjankalyanseva.com; Jankalyan Seva GST No. 27AGUPG9011BIZI